समय के साथ अपने स्किल को अपग्रेड करें, खुद रोजगार के अवसर मिलेंगे: कुलकर्णी

रांची | अपने स्किल को समय के अनुसार अपग्रेड करते रहें। आपको क्वालिटी वर्क आएगा, तो रोजगार के अवसर खुद मिलेंगे। ये बातें वरिष्ठ आईएएस अफसर नितिन मदन कुलकर्णी ने कहीं। वे सोमवार को आईआईएम रांची में महात्मा गांधी नेशनल फैलोशिप (एमजीएनएफ) संकल्प की ओर से आयोजित स्किल कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। इसमें वक्ता के रूप में मंत्रालय के प्रतिनिधि, राज्य व जिला प्रशासन के प्रतिनिधि व एक्सपर्ट ने ऑनलाइन-ऑफलाइन मोड से भाग लिया। मौके पर आईआईएम रांची के निदेशक दीपक श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

खूंटी में युवाओं को किया जा रहा प्रोत्साहित : आईएएस शशि रंजन ने खूंटी के भौगोलिक, सामाजिक व आर्थिक स्थिति के बारे में बताते हुए कहा कि जिला में केंद्र सरकार व राज्य सरकार के विभिन्न स्कीमों के माध्यम से युवाओं को इनकम जेनरेट करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। कोडरमा डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि जिला में युवाओं को कंप्यूटर की ट्रेनिंग दी जा रही। जिससे वे रोजगार प्राप्त कर पा रहे हैं। इसके साथ ही वन विलेज, वन प्रोडक्ट के थीम पर काम किया जा रहा है। जिसके अनुसार एक गांव एक उत्पाद के नाम से पहचाना जाएगा।

Dainik Bhaskar, 10.01.2023, Pg. 02